अस्मिता 2025

चर्चा में क्यों?

केंद्रीय खेल मंत्री ने उत्तर प्रदेश के **मोदीनगर** में अस्मिता लीग के **2025 सत्र** का शुभारंभ किया। इस सत्र की शुरुआत **दो दिवसीय** भारोत्तोलन प्रतियोगिता से हुई।

- टोक्यो ओलंपिक की **रजत पदक विजेता** मीराबाई चानू उन अनेक गणमान्य व्यक्तियों में शामिल थीं जो **अस्मिता भारोत्तोलन लीग** के उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे।

मुख्य बिंदु

अस्मिता के बारे में:

- **अस्मिता (महिलाओं को प्रेरित कर खेल क्षेत्र में उपलब्धियाँ प्राप्त करना)** '**खेलो इंडिया**' मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता पर आधारित खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।
- भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) इन लीगों को **क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर** पर विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित करने हेतु **राष्ट्रीय खेल महासंघों** को सहायता प्रदान करता है।
- वर्ष 2021 में शुरू की गई यह पहल महिलाओं की खेलों में भागीदारी को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा पहचान मंच के रूप में कार्य करने के लिये शुरू की गई थी।
- इस मिशन का उद्देश्य हर स्तर पर **अवसरों का सृजन**, **प्रतिभा की पहचान** और उसका **संवर्द्धन** करना है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में अस्मिता:

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 विभिन्न खेल विधाओं में **कुल 852 अस्मिता लीग** आयोजित की जानी हैं।
- राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में फैली इन लीगों में 70,000 से अधिक महिला एथलीट शामिल होंगी।
  - इसकी तुलना में, पिछले सत्र में 27 विषयों में 550 लीग आयोजित की गईं, जिनमें 53,101 महिला प्रतिभागी थीं।

विद्यालय खेल और राष्ट्रीय कैलेंडर एकीकरण:

- राष्ट्रीय खेल नीति 2025, जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के साथ एकीकृत किया गया है, के तहत सरकार **विद्यालय स्तर पर खेलों को बढ़ावा** दे रही है।
  - ये प्रयास खेलो इंडिया राष्ट्रीय खेल कैलेंडर में परिलक्षित होंगे, जिससे युवाओं के लिये निरंतर अवसर सुनिश्चित होंगे।

खेलो इंडिया पहल

- यह भारत में स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिये एक राष्ट्रीय स्तर की बहु-विषयक खेल प्रतियोगिता है।
- प्रधानमंत्री ने वर्ष 2018 में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स के पहले संस्करण की शुरुआत की।
- वर्ष 2019 में इनका नाम बदलकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स कर दिया गया।
- ये भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल का हिस्सा हैं।
- इसका उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और ज़मीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाना है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025

- **खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025** का आयोजन **बिहार** के पाँच ज़िलों (**पटना**, **राजगीर**, **बेगूसराय, गया और भागलपुर**) में किया गया।
- जबकि तीन प्रमुख स्पर्द्धाएँ- **जिमनास्टिक**, **शूटिंग और साइकिलिंग**, **नई दिल्ली** में आयोजित की गईं थी।
- **गजसिम्हा** इस बार के खेलों का शुभंकर था।

- 12 दिवसीय यह आयोजन 27 खेलों में संपन्न हुआ, जिसमें कुल **285 स्वर्ण पदक** प्रदान किये गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asmita-2025